## एक नजर में

### मंडलेश्वर में संत शिरोमणि सेन महाराज की 726वीं जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा



**मंडलेश्वर, निप्र ।** सेन-श्रीवास समाज के आराध्य देव संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 726वीं जयंती के पावन अवसर पर समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया । शोभायात्रा का शुभारंभ संत शिरोमणि सेन जी महाराज की तस्वीर पर पुष्पमाला अर्पित कर किया गया । पूरे नगर में शोभायात्रा का जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया । यात्रा में समाज के महिला, पुरुष एवं युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए । भक्ति गीतों और जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया । समाजजनों ने संत सेन जी महाराज के त्याग, सेवा और समरसता के संदेश को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया । इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों ने कहा कि संत सेन जी महाराज के आदर्श आज भी समाज को सही दिशा देने का कार्य कर रहे हैं । शोभायात्रा के समापन पर प्रसादी वितरण किया गया । कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ ।

### लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष जालम सिंह पटेल बड़वाह पधारे

**बड़वाह, निप्र ।** लोधी समाज के राजा हरदेह शाह की जयंती पर भोपाल मे होने वाले कार्यक्रम के लिए पुरे प्रदेश के प्रवास पर निकले प्रदेश अध्यक्ष जालम सिंह पटेल का बड़वाह मे लोधी समाज द्वारा स्वागत कियानेमीचंद कौशल लोधी समाज अध्यक्ष सोहन कौशल रितेश कौशल गजु कौशल संतोष कौशल रंजीता कौशल नीलम कौशल दीपक कौशल रवि कौशल बंटी कौशल भाजपा के दीपक सिंह ठाकुर मन कि बात जिला प्रभारी रोमेश विजयवर्गीय लखन गढ़गोती धनलक्ष्मी शर्मा संगीता गुप्ता बबिता सोनी शकुंतला वर्मा सनावद से पधारे एल्डर मेन दिलीप सकरोदीया ने स्वागत किया जालम सिंह जी ने सभी को भोपाल 28 तारीख को कार्यक्रम मे आने का निमंत्रण दिया कार्यक्रम लोधी मोहल्ला मे रखा गया आभार रुपेश कौशल ने माना, बड़ी संख्या समाजजन उपस्थित थे ।



### संत शिरोमणि सेन महाराज का 726 वां जन्मोत्सव भक्तिभाव और हर्षोल्लास के साथ मनाया



**सनावद, निप्र ।** सेन समाज द्वारा संत शिरोमणि सेन जी महाराज का 726 वां जन्मोत्सव भक्तिभाव एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । इस अवसर पर आयोजित समारोह में सनावद नगर और आसपास के क्षेत्रों के सेन समाज के नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया । प्रारंभ में अतिथियों ने सेन जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया ।तत्पश्चात वात्सल्य धाम कोठी की प्रमुख साध्वी साक्षी दीदी ने मंत्रोच्चार के साथ आशीर्वचन कहे । विधायक सचिन बिरला ने कहा कि सेन समाज पारस्परिक सहयोग के माध्यम से उन्नति के पथ पर अग्रसर है । सेन समाज के युवा शिक्षित होकर प्रशासन और व्यवसाय के क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर रहे हैं । सेन समाज की मांग पर विधायक ने सामुदायिक भवन के निर्माण हेतु विधायक निधि से 11 लाख रु प्रदान करने की घोषणा की । नपाध्यक्ष सुनीता इंदर बिर्ला ने कहा कि यह बड़ी प्रसन्नता का विषय है कि सेन समाज द्वारा बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है । सेन समाज के युवा उद्योगपति जितेंद्र पटेल ने सेन समाज के सामूहिक विवाह के आयोजनों, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की सहायता और सामुदायिक भवन के निर्माण में हरसंभव सहयोग प्रदान करने का संकल्प व्यक्त किया ।सांसद प्रतिनिधि जय पाटील ने समाजजनों को सेन जी महाराज की जन्म जयंती पर बधाई दीं । समारोह को कांग्रेस नेता उत्तमपाल सिंह पुरनी,आरती पाटील,आशीष चौधरी ने भी संबोधित किया । इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष मानसिंह राठौर,पार्षद पूजा परिहार,भगवान सेन,लोकेंद्र सेन,नवनीत सेन,कन्हैयालाल सेन,नरेंद्र सेन,प्रकाश सेन,कमलेश सेन,रवि सेन,पुरुषोत्तम सेन,राकेश सेन,दुर्गेश परिहार,श्याम ठाकुर,शुभम शर्मा उपस्थित थे ।

### अंतरराष्ट्रीय जाट दिवस पर निकली विशाल रैली, शहीद भगत सिंह प्रतिमा का अनावरण

**बड़वाह , निप्र ।** 13 अप्रैल अंतरराष्ट्रीय जाट दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय जाट महासभा भारत द्वारा भव्य रैली एवं विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । यह विशाल रैली ग्राम टेमला से प्रारंभ होकर बागोद, करही, कतरगांव, पिपलिया , बड़वाह होते हुए ग्राम काटकूट स्थित तेजाजी मंदिर पहुंची । तेजाजी मंदिर में पूजा-अर्चना के पश्चात तिरंगा यात्रा निकाली गई, जो पूरे गांव में भ्रमण करते हुए भगत सिंह प्रतिमा अनावरण स्थल तक पहुंची , यहां भारत माता के वीर सपूत शहीद भगत सिंह की प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया गया । इसके पश्चात महाराणा प्रताप गार्डन में विशाल आमसभा का आयोजन हुआ । राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सरोहा ने जाट एकता एवं आरक्षण के मुद्दे पर अपनी मजबूत आवाज उठाई उन्होंने कहा कि जाट समाज अब अपने अधिकारों के लिए पूरी तरह जागरूक है अगर सरकार हमारी जायज मांगों को नहीं मानती तो जाट समाज अपने हक को छिनना भी जानता है यह लड़ाई सम्मान अधिकार और आने वाली पीढियां के भविष्य के लिए है और इसमें पूरा समाज एकजुट होकर खड़ा है । राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गजेंद्र नीलकंठ ने समाज के गौरव को याद करते हुए जाट समाज के महान योद्धाओं और संतों जैसे वीर तेजाजी महाराज,, महाराजा सूरजमल और गोकुल जाट जैसे महान व्यक्तियों के त्याग बलिदान और साहस के बारे में बताया ।इस दौरान श्री पी.एस. कलवानिया जी ने वीर तेजाजी की कथा का वर्णन करते हुए सामाजिक एकता का संदेश दिया । प्रदेश अध्यक्ष सुनील ढिंगला ने भी समाज में एकता बनाए रखने का आह्वान किया । कार्यक्रम की शुरुआत इंदौर संभाग अध्यक्ष अशोक मुंडेल के स्वागत भाषण से हुई । कार्यक्रम का संचालन विष्णु सांडीवाल ने किया एवं आभार संतोष चोटिया द्वारा व्यक्त किया गया । इस अवसर पर कमल रियाड, दुर्गेश डांगा, दीपक पटेल, सुगनचंद ढाबरिया, चिंताराम जाट, राम जाट, रामप्रसाद पटेल, दिनेश जाट, रामेश्वर इनाणिया, मुकेश बेनीवाल, जगदीश रोज, मंगलेश जाट थे ।



# झांकियों ने दिया सामाजिक बदलाव का संदेश, लोकगीत भी गूंजे

## उत्सवी माहौल में मनी बाबा साहब की जयंती, निकाली शोभायात्रा

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र ।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मंगलवार को उत्सवी माहौल में मनाई गई । शाम करीब 4 बजे शहर के किला मैदान से भव्य शोभायात्रा की शुरुआत की गई । करीब आधा दर्जन झांकियों में बाबा साहब का शिक्षित बनो, संगठित रहो का संदेश दिखाई दिया । इसमें सामाजिक बदलाव पर आधारित झाकियां आकर्षण का केंद्र रही । शोभायात्रा में ढोल और मांदल के थाप और लोकगीतों के बीच वाहनों पर नीले झंडे लगाए गए ।

युवा जय भीम के नारों के बीच जमकर थिरके । शोभायात्रा के दौरान सुसज्जित बग्घी में डॉ. भीमराव आंबेडकर की झांकियां बरबस ही लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थीं । वहीं कई अनुयायी शोभायात्रा में पारंपरिक वेषभूषा पहनकर हाथों में तीर कमान लिए चल रहे थे । शोभायात्रा को लेकर अनुसूचित जाति-जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग संयुक्त मोर्चा समिति ने व्यापक स्तर पर तैयारियां की थी । मोर्चा के रामेश्वर बड़ोले, प्रदीप करोंदिया, बबलू आडतिया ने बताया



कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी ने इस कार्यक्रम को और अधिक जीवंत बनाया, जिससे यह संकेत मिला कि नई पीढ़ी भी बाबा साहब के विचारों को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है । स्थानीय सामाजिक संगठनों और क्षेत्रवासियों के सहयोग से आयोजित इस शोभायात्रा ने समाज में एकता और समानता के मूल्यों को मजबूत करने में अपनी अहम भूमिका निभाई ।

**1 मई को झाकियां होंगी पुरस्कृत:-** आयोजन समिति ने बताया समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से इस बार चयनित झाकियों को नकद पुरस्कार देने की घोषणा की गई है । जो झांकियां शिक्षा, नारी सशक्तिकरण, भारतीय संस्कृति, आपसी भाईचारा, राष्ट्रप्रेम और पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश देने वाली झाकियों को 1 मई को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा । यह कदम युवाओं को रचनात्मकता और सामाजिक जिम्मेदारी से जोडने् के लिए उठाया गया ।

**शोभायात्रा का हर वर्ग ने किया स्वागत- सत्कार:-** मोर्चा के नितेश आडतिया, निर्मल पंवार, दिलीप पंचोली, शंकर निहाले, अजय भालसे ने बताया कि बाबा साहब ने जिस तरह सामाजिक एकता, अखंडता के लिए संविधान लिखा था । आज खुशी की बात है कि बाबा साहेब के जन्मदिन पर शहर में सामाजिक एकता के रुप में जन्मोत्सव मनाया जा रहा है, सभी समाज के लोगों ने महारैली का जगह-जगह स्वागत सत्कार किया । यह बाबा साहेब के सपनो को साकार करते हुए संविधान के प्रति सम्मान दिखाने जैसा नजारा है । शोभायात्रा का एमजी रोड़ पर करीब दो किमी मार्ग पर 25 से अधिक स्थानों पर सेवा स्टॉल लगाकर जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, व्यापारियों, अधिकारी- कर्मचारी संगठनों ने स्वागत- सत्कार किया । रैली में सैकड़ों की संख्या में युवाओं ने भाग लिया । युवा हाथों में नीले झंडे लेकर बाबा साहेब अमर रहे और जय भीम के नारे लगाते हुए चल रहे थे ।

**इन मार्गो से गुजरी यात्रा:-** रैली नगर के किला मैदान से प्रारंभ होकर सराफा बाजार, पोस्ट ऑफिस चौराहा, श्रीकृष्ण टॉकीज, बस स्टैंड होते हुए शाम 7 बजे अंबेडकर पार्क पहुंची । यहां सभा ओर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ । सभा में वक्ताओं ने कहा कि इतिहास साक्षी है कि बाबा साहेब अम्बेडकर ने विषम परिस्थितियों में भारतीय संविधान निर्माण किया । डॉ भीमराव अम्बेडकर दलितों और पिछड़ों के मसीहा थे । उन्होंने जाति पाति, छूत-अछूत, ऊंच.नीच आदि विभिन्न सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने में अग्रणीय भूमिका निभाई है ।

### डॉ . अंबेडकर ने जातिगत भेदभाव, अशिक्षा के उन्मूलन के लिए आजीवन किया संघर्ष




**सनावद, निप्र ।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ .भीमराव आंबेडकर की 135 वीं जन्म जयंती मनाई गई । भाजपा ग्रामीण मंडल द्वारा आयोजित समारोह में विधायक सचिन बिरला एवं जनप्रतिनिधियों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया । विधायक ने कहा कि बाबा साहेब बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे । बाबा साहेब प्रखर वक्ता, लेखक, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री,विचारक एवं शिक्षाविद् थे । उन्होंने छूआछूत, जातिगत भेदभाव और अशिक्षा के उन्मूलन के लिए आजीवन संघर्ष किया । देश में सामाजिक समरसता स्थापित करने के उनके योगदान को सदैव याद रखा जाएगा । इस दौरान भाजपा नेता दिलीप पटेल, गोविंद बिरला, नरेंद्रसिंह पंवार, डॉ .अरविंद रावल, सुरेंद्र पवार, भगवानसिंह सोलंकी, जितेंद्र सोलंकी, संजय पाठक, कन्हैयालाल मंसारे, मुन्नालाल यादव, राजू राठौड़ एवं शोभाराम नायक सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे ।

### विधायक, पूर्व मंत्री, नपाध्यक्ष और दलित संगठनों ने किया माल्यार्पण

**मिंडलेश्वर, निप्र ।** बाबा साहब की जयंती पर महेश्वर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजकुमार मेव,पूर्व केबिनेट मंत्री डॉ विजयलक्ष्मी साधौ, पूर्व विधायक भूपेन्द्र आर्य द्वारा मंडलेश्वर मे बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया ।

बाबा साहब की जयंती की तैयारी के लिए 13 अप्रैल की रात दो बजे तक़ बाबा साहब प्रतिमा स्थल पर रंगाई पुताई और फव्वारा लगाने और सजावट का कार्य नगर परिषद अमले द्वारा किया गया । अम्बेडकर जयंती के अवसर पर पूर्व केबिनेट मंत्री और पूर्व राज्य सभा सांसद सुश्री डॉ विजय लक्ष्मी साधौ ने नगर कांग्रेस अध्यक्ष संतोष चौहान नपाध्यक्ष विश्वदीप मोयदे, रत्नदीप मोयदे और कार्यकर्ताओ के साथ बड़वाह रोड स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये ।



विधायक राजकुमार मेव ने मंडल अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र पाटीदार उपाध्यक्ष हरी गाड़गे ब्रम्हदत्त चौहान एल्डरमेन श्रीमति मंजुला मेवाड़े और कार्यकर्ताओ के साथ बाबा साहब को माल्यार्पण किया । इस अवसर पर नगर परिषद मंडलेश्वर द्वारा प्रतिमा स्थल पर लगाए गए फव्वारे का विधायक राजकुमार मेव ने नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे के साथ लोकार्पण किया । इस अवसर पर विधायक ने बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मैं विधायक बाबा साहब के बनाए संविधान के कारण बना हूं । मध्य प्रदेश अजा आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक भूपेन्द्र आर्य ने रुपेश शर्मा व कार्यकर्ताओ के साथ बाबा साहब को नमन किया । मध्य प्रदेश मानव अधिकार परिषद के अध्यक्ष संतोष ठाकुर ने मीडिया प्रभारी दुर्गेश राजदीप के साथ नमन किया ।

### बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**महेश्वर, निप्र ।** संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर विधायक राजकुमार मेव , भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल के साथ कई जन प्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण करते हुए उनके संस्मरणों को याद किया ।

विधायक राजकुमार मेव ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश प्रतिदिन विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है वही मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब अंबेडकर के संविधान ने प्रत्येक व्यक्ति ,जाति ,समाज और संप्रदाय के लोगों को अभिव्यक्ति की आजादी दी है अब हम सभी को अभिव्यक्ति की आजादी का सदुपयोग करते हुए राष्ट्रहित में अपना योगदान देना चाहिए ।इस अवसर पर



कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे नगर की पीएम श्री शासकीय कन्या विद्यालय में भी शासन के निर्देश अनुसार बाबा साहब अंबेडकर की जयंती मनाई गई । इस अवसर पर 9 अप्रैल से लेकर 13 अप्रैल तक स्कूली स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताए आयोजित की गई । मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य प्रवीण भावसार ने संबोधित करते हुए बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला । इस अवसर पर संस्था के अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए प्रेरणापस्द जानकारी दी गई । पीएम श्री कन्या शाला विद्यालय में विद्यालय के छात्राएं एवं शिक्षक गण उपस्थित थे ।

### 21 बूथों पर मनाई बाबा साहेब की जयंती



**बड़वाह, निप्र ।** विश्व ज्ञानदीप महाप्रणेता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर का जन्मदिन भीम अनुयायियो ने मंगलवार बडवाह नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रो में हर्षोल्लास के साथ मनाया । इस अवसर पर बस स्टेशन स्थित डॉ .बाबा भीमराव अंबेड़कर की प्रतिमा पर सुबह से ही विभिन्न संगठन पुष्प अर्पित करने के लिए पहुंच रहे थे । भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष अंकित गुप्ता के नेतृत्त्व में 21 बुथो पर बाबा साहेब की जयंती उत्साह के साथ मनाई गई ।

नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता,महामंत्री महेंद्र अमई सहित नगर मण्डल टीम ने बस स्टेशन स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया । इसके बाद सभी बुथो पर कार्यक्रम आयोजित हुआ. इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेन्द्र पंडया, महिम ठाकुर, धनलक्ष्मी शर्मा, दीपक ठाकुर, चन्द्रपाल सिंह तोमर, पार्षद रजनी भंडारी, रवि ऐरण, निखलेश खंडेलवाल, सुरेश वाघे, विजय वर्मा, भैयालाल गुर्जर, मिक्की चौहान, लखन गड गोती सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओ ने बुथो पर बाबा साहेब की जयंती उत्साह से मनाई ।

इसी तरह समस्त बूथों पर अध्यक्ष शाहिद कुरैशी ,निरज शर्मा, रितिक आदिवाल, रोहित मालाकार, रोहित डालुका, अमन संधू, रजनी भंडारी, मनस्व राठौड़, हर्षदीप नायक, शिवा वर्मा, अमन सेन, राजेश गुर्जर, भैयालाल गुर्जर, अशोक केवट, प्रशांत शर्मा, कुणाल तिवारी, सोनम विश्वकर्मा, विजय वर्मा, अंजली गुप्ता, नन्दू यादव ने कार्यक्रम किए ।

### भाजपा ने सामाजिक एकता के रुप में मनाई बाबा साहब की जयंती

**खरगोन, निप्र ।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ . भीमराव अंबेडकर की जयंती भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर सामाजिक एकता के रुप में मनाई गई । यहां बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया । सब्जी मंडी स्थित अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर भाजपा सांसद, विधायक, पदाधिकारी व अन्य पहुंचे ।

बाबा साहब की प्रतिमा पर सांसद गजेंद्र पटेल, विधायक बालकृष्ण पाटीदार, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर भालसे, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष संतोष सोलंकी आदि ने माल्यार्पण कर बाबा साहब अमर रहे का नारा बुलंद किया । इस दौरान आयोजित सभा में सांसद पटेल ने कहा आज दो महानायको को याद करने का दिन है । पहले लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल, जिन्होंने 562 से अधिक देशी रियासतों का विलय कर भारत को भौगोलिक एकता दी, वहीं दूसरे बाबा साहब डॉ . भीमराव अंबेडकर, जिन्होंने संविधान के माध्यम से सामाजिक समानता स्थापित कर समाज को जोडने् का



ऐतिहासिक कार्य किया । इन महानायकों के दिखाए मार्ग पर चलकर इस सदी के महानायक मोदी समृद्ध, सशक्त भारत का निर्माण कर रहे है । विधायक पाटीदार ने कहा बाबा साहेब ने अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को शिक्षित बनने और संघर्ष करने का साहस दिया । उनके संघर्ष हमारे लिए प्रेरणादायी होकर अनुकरणीय है । जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे ने अपने संदेश में कहा कि बाबा साहेब ने शिक्षित बनने, संगठित रहने के साथ ही समानता को जो संदेश दिया था, उसे आत्मसात कर भाजपा सबका साथ, सबका विकास के लिए काम कर रही है । हर वर्ग को बराबरी का दर्जा दिया जा रहा है ।

#### बड़ी संख्या में अनुयायी रहे मौजूद...

भाजपा मीडिया प्रभारी कांतिलाल कर्मा ने बताया भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रभा राठौर, पूर्व विधायक बाबूलाल महाजन, माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड पूर्व उपाध्यक्ष भागीरथ कुमरावत, प्रदेश प्रवक्ता संजय पाटीदार, पूर्व जिलाध्यक्ष परसराम चौहान, पूर्व जिलाध्यक्ष रणजीत डंडीर, पार्षद जगन्नाथ सांवले, नपा अध्यक्ष छाया जोशी आदि मंचासीन रहे । इस दौरान मण्डल अध्यक्ष अभिलाष अत्रे, पश्चिम मण्डल उपाध्यक्ष भगवान प्रजापत, बाबा साहब जयंती आयोजन समिति के आरएस खांडे, विजयलक्ष्मी सांवले सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और अन्य मौजूद रहे ।

**एक नजर में** — संविधान की शक्ति से सशक्त लोकतंत्र का संकल्प, समरस, समान और समृद्ध भारत के निर्माण का आह्वान

## राधाकुंज परिसर में डॉ . अंबेडकर जयंती पर हुआ जिला स्तरीय समारोह

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र ।** राधाकुंज परिसर में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय समारोह आयोजित किया गया । कार्यक्रम में विधायक श्री बालकृष्ण पाटीदार एवं खरगोन बड़वानी लोकसभा क्षेत्र सांसद श्री गजेन्द्र सिंह पटेल ने बाबा साहब के विचारों को स्मरण करते हुए संविधान, समरसता और राष्ट्र निर्माण पर अपने विचार व्यक्त किए । विधायक श्री बालकृष्ण पाटीदार ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब का जन्म पराधीन भारत में हुआ, जहाँ विचारों की स्वतंत्रता सीमित थी, लेकिन उन्होंने ज्ञान, संघर्ष और संकल्प के बल पर सामाजिक समानता और न्याय की सशक्त नींव रखी । महात्मा गांधी और डॉ. अंबेडकर जैसे नेताओं के मार्गदर्शन में देश को स्वतंत्रता मिली और संविधान का निर्माण हुआ, जो आज देश को एकता, लोकतंत्र और विकास के पथ पर मजबूती से आगे बढ़ा रहा है । उन्होंने कहा कि 75 वर्षों में संविधान ने अनेक परीक्षाएँ दीं और हर बार देश



सफल रहा । विधायक श्री पाटीदार ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लगभग 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं । स्वच्छ भारत अभियान, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार और सामाजिक योजनाओं से स्वस्थ एवं समृद्ध भारत का निर्माण हो रहा है । प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में विकास कार्य निरंतर गति पकड़ रहे हैं । उन्होंने कहा कि बाबा साहब के संविधान में समरसता, समानता और नागरिक कर्तव्यों पर विशेष बल है, और 140 करोड़ नागरिकों को एक सूत्र में बांधना ही सच्चा राष्ट्र निर्माण है । खरगोन बड़वानी लोकसभा क्षेत्र सांसद गजेन्द्र सिंह पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन संकल्प का दिन है—नए लक्ष्य तय करने, नवाचार को अपनाने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का । उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर का मंत्र—'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो '—आज भी उतना ही प्रासंगिक है । शिक्षा को उन्होंने सशक्तिकरण की कुंजी बताया और कहा कि ज्ञान ही व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाता है । उन्होंने महिलाओं के अधिकार, श्रमिक हितों और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में डॉ. अंबेडकर के ऐतिहासिक योगदान को रेखांकित किया ।

#### छात्राओं ने दी प्रस्तुति...

सांसद पटेल ने कहा कि राष्ट्र की राजनीतिक एकता का श्रेय जहां सरदार वल्लभभाई पटेल को जाता है, वहीं सामाजिक समरसता और समानता का मजबूत आधार डॉ . अंबेडकर ने दिया । आज उनके विचारों को साकार करने की दिशा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसे कदम उठाए गए हैं । अनुसूचित जाति एवं जनजाति समाज को सर्वोच्च पदों तक अवसर मिला—रामनाथ कोविंद एवं द्रौपदी मुर्मू का चयन इसी संवैधानिक समावेशन का उदाहरण है । उत्कृष्ट विद्यालय की छात्राओं ने भी प्रस्तुति दी ।